बुधवार
15 फरवरी, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



पप्पू यादव के काफिले की टकराई गाड़ियां, दो बीएमपी जवानों समेत 11 जख्मी 2

मशहूर सैंड आर्टिस्ट सुदर्शन पटनायक ने वेलेंटाइन डे के अवसर पर रेत पर आकर्षक आकृति उकेरकर वतन से प्रेम करने का संदेश दिया। उन्होंने युवाओं को इस अनूठी कला के जरिए यह भी बताने का प्रयास किया है वेलेंटाइन डे केवल एक प्रेमी और प्रेमिका के बीच अपनी मोहब्बत के इजहार करने का ही दिन नहीं। यह अपने देश, मां-पिता, भाई-बहन, अपने दोस्त-मित्र के प्रति भी जुड़ाव और लगाव को दर्शाने का भी दिन है।

बीबीसी के दिल्ली और मुंबई दफ्तर पर इनकम टैक्स के छापे

एजेंसी/नई दिल्ली

इंटरनेशनल टैक्स में गड़बड़ी को लेकर मंगलवार को मीडिया संस्थान बीबीसी के दिल्ली और मुंबई दफ्तर पर इनकम टैक्स के छापे पड़े। इस दौरान आयकर विभाग के अफसरों ने सभी कर्मचारियों के फोन जब्त कर लिए। साथ ही कर्मचारियों से दफ्तर छोड़कर घर जाने के लिए कह दिया। दोपहर की शिफ्ट के लोगों को वर्क फ्रॉम होम करने के लिए कहा। इस बीच लंदन स्थित बीबीसी के दफ्तर में छापेमारी की कार्रवाई की जानकारी दी गई। इस कार्रवाई पर कंपनी की तरफ से सिर्फ इतना कहा गया है कि वो जांच में पूरा सहयोग कर रही है। उसे उम्मीद है कि जल्द से जल्द इस मामले को सुलझा लिया जाएगा। आयकर विभाग इस पूरी कार्रवाई को टैक्स में गड़बड़ी से जोड़ रहा है, हालांकि इस समय बीबीसी अपनी गुजरात दंगों वाली डॉक्यूमेंट्री की वजह से विवादों में भी चल रही है। इस रेड की टाइमिंग को लेकर विपक्ष भी सवाल उठा रहा है।

सूत्रों ने कहा कि 12-15 लोगों की एक टीम बीबीसी के दिल्ली कार्यालय में सर्वे कर रही है। रेड को लेकर इनकम टैक्स विभाग के सूत्रों का कहना है कि मल्टीपल लोकेशन पर सर्वे हो रहा है।अभी कुल कितनी लोकेशन पर सर्च जारी है ये कहना मुश्किल है। आईटी डिपार्टमेंट के अधिकारियों ने बीबीसी के ऑफिस में कागजों को खंगाला।

कांग्रेस ने कहा... यह अघोषित आपातकाल

इस बीच, कांग्रेस ने इस कार्रवाई के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर बीबीसी की एक डॉक्यूमेंट्री को लेकर हालिया विवाद को जिम्मेदार ठहराया है। पार्टी ने इस कदम को एक अघोषित आपातकाल बताया। कांग्रेस ने ट्वीट कर कहा पहले बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री आई, उसे बैन किया गया। अब बीबीसी पर आईटी का छापा पड़ गया है। अघोषित आपातकाल।

क्या है बीबीसी डॉक्यूमेंट्री का मामला?

दरअसल, हाल ही में गुजरात दंगों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भूमिका पर सवाल उठाने वाली बीबीसी डॉक्यूमेंट्री 'इंडिया: द मोदी क्वेश्चन' को दो हिस्सों में जारी किया गया था। इसका पहला एपिसोड 17 जनवरी को और दूसरा एपिसोड 24 जनवरी को यूट्यूब पर रिलीज हुआ था। पहला एपिसोड आने के साथ ही इस पर बवाल शुरू हो गया था। केंद्र सरकार ने प्रोपेगेंडा बताते हुए इस डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग पर रोक लगा दी थी। डॉक्यूमेंट्री की स्क्रीनिंग को लेकर कई यूनिवर्सिटियों में बवाल भी मचा था। ऐसे में विपक्ष आयकर छापेमारी को बीबीसी की डॉक्यूमेंट्री से जोड़ कर केंद्र पर निशाना साध रहा है।

जदयू ने छापेमारी को गैरलोकतांत्रिक बताया

बीबीसी के कार्यालयों पर आयकर विभाग की छापेमारी को जदयू ने गैरलोकतांत्रिक बताया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने इसे केंद्रीय एजेसियों का दुरूपयोग कहा और मीडिया पर अंकुश लगाने वाला कदम करार दिया। ललन सिंह ने कहा, ये कैसा लोकतंत्र है? जो भी इनके खिलाफ बोलेगा या लिखेगा, उसका यही हश्र होगा।

आयकर विभाग पिंजरे का तोता नहीं: बीजेपी

भाजपा ने बीबीसी को विश्व का सबसे भ्रष्ट बकवास कार्पोरेशन करार दिया और कहा कि इस मीडिया समूह के खिलाफ आयकर विभाग का सर्वे ऑपरेशन नियमों और संविधान के तहत है। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने भाटिया ने कहा, आयकर विभाग पिंजरे का तोता नहीं है। वह अपना काम कर रहा है।

खबरें फटाफट

एक मार्च से पटना और देवघर के बीच सीधी विमान सेवा

पटना। देवघर एयरपोर्ट शुरू होने के बाद बिहार के लोगों को इस बात का इंतजार था कि कब पटना से देवघर के लिए विमान सेवा शुरू होगी। अब यह इंतजार खत्म हो गया है। आगामी एक मार्च से पटना और देवघर के बीच सीधी विमान सेवा शुरू होने जा रही है। जिसको लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय से अनुमति मिलने के बाद डीजीसीए द्वारा स्लॉट दिया गया व शेड्यूल जारी कर दिया गया है। पटना के अलावा रांची से भी देवघर के लिए विमान सेवा का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। देवघर से रांची का किराया 2050 रुपये व देवघर से पटना का किराया 2500 रुपये निर्धारित किया गया है। देवघर से रांची का सफर 55 मिनट में पूरा होगा, जबकि देवघर से पटना का सफर एक घंटे में पूरा होगा। शेड्यूल के अनुसार देवघर-रांची की फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को चलेगी, जबकि देवघर-पटना की फ्लाइट सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार व रविवार को चलेगी. देवघर एयरपोर्ट से पटना की फ्लाइट सुबह 11:20 बजे टेकऑफ करेगी व पटना एयरपोर्ट पर दोपहर 12:25 बजे लैंडिंग होगी। वापस पटना एयरपोर्ट से यह फ्लाइट दोपहर 12:45 बजे टेकऑफ करेगी व 13:45 बजे देवघर एयरपोर्ट पर लैंडिंग होगी।

समाधान यात्रा: मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर का लिया जायजा, दिए निर्देश

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और नर्सिंग कॉलेज को जल्द तैयार करें

केटी न्यूज/पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को समाधान यात्रा के क्रम में मुजफ्फरपुर जिले में चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। जिले के मुशहरी प्रखंड की ग्राम पंचायत शेरपुर में विकास कार्यों का जायजा लेते हुए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने नीरा प्रसंस्करण के तहत नीरा उत्पादों को भी देखा और जीविका दीदियों से कहा कि नीरा के उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित करें। नीरा के उत्पाद को भी बढ़ावा दें, यह काफी फायदेमंद है।

मुख्यमंत्री ने 42 स्वयं सहायता समूहों को 1 करोड़ 21 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया ताकि दिव्यांग समूहों को स्वरोजगार में सहूलियत हो सके। साथ ही उनका क्षमतावर्द्धन भी हो सके। जीविका समूहों द्वारा लगाए गए विभिन्न उत्पादों, लीची का विपणन एवं आपूर्ति प्रक्रिया, जीविका स्वावलंबी सहकारी महिला लिमिटेड द्वारा तैयार किए गए उत्पाद, शेडनेस हाऊस के तहत की जा रही जैविक खेती एवं फसल अवशेष प्रबंधन यंत्र के स्टॉलों का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। पद्मश्री राजकुमारी देवी उर्फ किसान चाची के उत्पादों का भी मुख्यमंत्री ने अवलोकन लिया और उनसे बातचीत की। किसान चाची ने मुख्यमंत्री को बताया कि आपने जो कहा है कि हर थाल में कम-से-कम एक बिहारी व्यंजन हो, इस कार्य को पूरा करने में हम लगे हुए हैं। सतत जीविकोपार्जन योजना के लाभुकों से भी मुख्यमंत्री ने बातचीत की और लाभुकों को 3 करोड़ 70 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। 4812 स्वयं सहायता समूहों को 142 करोड़ 28 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने मुजफ्फरपुर जिले की समीक्षात्मक बैठक की: योजना, जीविका समूह का गठबैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपने-अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। जनप्रतिनिधियों की समस्याओं के समाधान हेतु मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। चिकित्सा महाविद्यालय में बीएससी नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य भी पूर्ण करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बालिका प्रोत्साहन योजना का लाभ तेजी से दिलाएं, कोई भी छूटे नहीं। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति के लिए बचे हुए आवासीय विद्यालयों का निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करें। स्वयं सहायता समूहों की संख्या और बढ़ाएं और उनके लिए रोजगार के अवसर और बढ़ाएं। जिन पथों की नालों के गुजरने के कारण स्थिति खराब हो रही है, उसे ठीक कराएं। जल निकासी की व्यवस्था भी दुरुस्त करें। सड़कों का मेंटेनेंस भी ठीक रखें। शहरों की यातायात व्यवस्था को ठीक रखने के लिए जनप्रतिनिधियों ने जो सुझाव दिए हैं उस पर अमल करें। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना में जिनके नाम छूट गये हैं, उन्हें मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत लाभ दिलाएं।

समस्तीपुर का जायजा

समाधान यात्रा के क्रम में सीएम नीतीश कुमार ने समस्तीपुर जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने उजियारपुर प्रखंड के ग्राम भगवानपुर देसुआ में कृषि कार्य निरीक्षण स्थल का निरीक्षण किया। किसानों एवं जीविका दीदियों द्वारा स्प्रिंकलर सिंचाई तथा जैविक विधि से की जा रही बहुफसलीय खेती का उन्होंने जायजा लिया। इस दौरान किसानों एवं जीविका दीदियों द्वारा की जा रही जैविक तरीके से बहुफसलीय खेती से होने वाले लाभ के संबंध में भी मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई।

अयोध्या में आरएसएस के कार्यालय के लिए मांगी गई 100 एकड़ जमीन

अयोध्या। एक तरफ आयोध्या में राममंदिर का भव्य निर्माण हो रहा है। तो दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2025 में अपना शताब्दी वर्ष मनाने की तैयारी कर रहे है। इस अवसर पर संघ अयोध्या में अपना एक और मुख्यालय बनाना चाहती है। इसके लिए संघ ने आवास विकास परिषद से 100 एकड़ जमीन मांगी है। संघ ये जमीन ग्रीन फील्डशिप योजना में चाहता है। इसके लिए आवेदन किया गया है। आरएसएस का मुख्यालय नागपुर में है। यह करीब 1 एकड़ में बना हुआ है। वहीं दिल्ली का झंडेवालान भी बड़ा केंद्र है। जो करीब 3 एकड़ में फैला हुआ है। इसके साथ ही मुंबई भी संघ का अहम केंद्र है। लेकिन अब जो मुख्यालय बनने जा रहा है वो अबतक का सबसे बड़ा मुख्यालय होगा।

आने वाले साल में आरएसएस की स्थापना का शताब्दी वर्ष है। इसलिए आरएसएस अयोध्या में बड़ा कार्यक्रम करने की तैयारी में है। वहीं संघ के सूत्रों ने बताया कि यहां बड़े आयोजन के साथ ही कार्यकताओं के रहने की व्यवस्था होगी। दरअसल, कोविड की लहर थमने के बाद से ही आरएसएस के 3 बड़े कार्यक्रम यहां हो चुके हैं। अगर आयोध्या मे संघ का मुख्यालय बनकर तैयार होता है तो यह अयोध्या में संघ का दूसरा मुख्यालय होगा। इससे पहले साकेतपुरी कॉलोनी में जो कार्लयालय बनाया गया है वो लगभग 1 लाख वर्ग फीट में फरर का मुख्यालय साकेत निलयम बनकर तैयार हो चुका है।

सीएम योगी ने चेताया... परीक्षा में नकल की तो लगेगा एनएसए

एजेंसी/लखनऊ

- बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने को लेकर प्रशासन सख्त
- सीएम योगी आदित्यनाथ ने बैठक कर अफसरों को चेताया
- कक्ष निरीक्षकों और केंद्र व्यवस्थापकों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जाएगी

16 फरवरी से यूपी बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। बोर्ड परीक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को अफसरों के साथ बैठक की। बोर्ड परीक्षा में सख्ती बरतने का आदेश दिया। नकल करते हुए पकड़े जाने पर एनएसए की कार्रवाई करने की बात कही। सीएम ने कहा कि ऐसी किसी भी घटना में शामिल होने पर कक्ष निरीक्षकों और केंद्र व्यवस्थापकों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की जाएगी।

परीक्षा में पहुंचाई बाधा तो होगी कुर्की की कार्रवाई: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को लेकर पहली बार अधिकारियों को आदेश दिया कि जिलाधिकारियों की ओर से प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सेक्टर मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया जाएगा। वह परीक्षा खत्म होने के बाद जिलाधिकारी के साथ जिला विद्यालय निरीक्षक को रिपोर्ट करेंगे, ताकि प्रतिदिन की गतिविधियों की जानकारी उक्त को हो सके।

वहीं एग्जाम की कॉपियों की सख्त निगरानी के लिए पहली बार प्रधानाचार्य कक्ष से अलग स्ट्रांग रूम बनाया जाए। साथ ही कॉपियों को डबल लॉक अलमारी में रखा जाए और उसकी मॉनिटरिंग 24 घंटे सीसीटीवी से की जाए। सभी जिलों में कक्ष निरीक्षकों की नियुक्ति के बाद एग्जाम से पहले उनका सख्ती का प्रशिक्षण किया जाए। इसके साथ ही जिला में तैनात सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक एवं वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों का भी प्रशिक्षण किया जाए। वहीं परीक्षा में बाधा डालने व व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की जाए और उनकी संपत्ति कुर्क की जाए।

सीआरपीएफ के साथ सशस्त्र पुलिसकर्मियों की निगरानी में होगा स्ट्रांग रूम: सीएम योगी ने निर्देश दिये कि प्रश्न पत्रों की सुरक्षा के लिए प्रधानाचार्य कक्ष की जगह एक अलग से स्ट्रांग रूम बनाया जाए। उनकी सीसीटीवी से निगरानी के साथ दो सशस्त्र पुलिसकर्मियों की 24 घंटे तैनाती की जाए। परीक्षा केंद्रो पर वॉयस से लैस सीसीटीवी, डीवीआर, राऊटर डिवाइस और हाईस्पीड ब्राडबैंड कनेक्शन लगाए जाएं। वहीं जिला मुख्यालय के डबल लॉक स्ट्रांग रूम से प्रश्नपत्रों के सील्ड बॉक्स को बंद गाड़ी में परीक्षा केंद्रों के डबल लॉक अलमारी में रखने के दौरान तीन सदस्य केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापक और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के सामने उसे सील किया जाए।

औरंगाबाद में अलग-अलग सड़क हादसे में चार की मौत

औरंगाबाद। मंगलवार का दिन औरंगाबाद के लिए अमंगल साबित हुआ है। यहां दो अलग-अलग घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई। इसमें 3 की मौत घटनास्थल पर जबकि एक अन्य की मौत अस्पताल में हुई है। पहली घटना नगर थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज पर मंगलवार की दोपहर एक बजे के करीब हुई। यहां अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार युवकों को रौंद दिया। इसमें घटनास्थल पर ही दोनो की मौत हो गई। घटना इतनी दर्दनाक रही कि मृतकों की बाइक लगभग दो किलोमीटर तक एनएच 19 पर घसीटती रही और ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। मृतक युवकों में एक की पहचान हुई है जो डेहरी ऑन सोन निवासी संजय चौधरी है। वहीं दूसरे की पहचान नहीं हो सकी है। संजय अपने सहयोगी के साथ शिवगंज अपने ससुराल किसी की परीक्षा दिलाने आ रहा था लेकिन ससुराल पहुंचने से पहले संजय एवं उसके सहयोगी की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते आस पास लोगो की भीड़ जुट गई और इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी गई। घटना के बाद से ओवरब्रिज पर एक घंटा तक जाम रहा। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया। वहीं दूसरी घटना मुफ्फसिल थाना के भेड़िया गांव के समीप हुई।

परिवार नियोजन कार्यक्रम पर बैठक का आयोजन, समुदाय में जीविका दीदीयों की पहुंच को देखते हुए लिया गया निर्णय

परिवार नियोजन अभियान में सहयोग करेंगी जीविका दीदी : डॉ. सज्जाद

- राज्य में अभी कुल प्रजनन दर 3 प्रतिशत है जो कि राष्ट्रीय औसत 2.1 से अधिक है

केटी न्यूज/पटना

परिवार नियोजन अभियान को और सशक्त बनाने में अब जीविका दीदियां सरकार का सहयोग करेंगी। जीविका समूह की दीदियों की समुदाय में पहुंच को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है. समूह की कम्युनिटी मोबिलाईजर (सी एम) एवं कम्युनिटी न्यूट्रीशन रिसोर्स पर्सन (सी एन आर पी) परिवार नियोजन के साधनों के उपयोगिता का संदेश समुदाय से साझा करेंगी एवं उन्हें इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करेंगी, उक्त बातें राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, परिवार नियोजन, डॉ. मोहम्मद सज्जाद ने पॉपुलेशन काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित परिवार नियोजन कार्यक्रम पर बैठक में कही। बैठक में केयर इंडिया की टीम की भी अहम भूमिका रही, जिन्होंने परिवार नियोजन के विभिन्न कार्यक्रमों की जमीनी स्तर पर क्रियानव्यन की जानकारी दी। बैठक में विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और अपनी बात रखी।

राज्य में 37 सेहत केंद्र हैं संचालित: डॉ. सज्जाद ने बताया कि परिवार नियोजन के अभियान को सफल बनाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इसे देखते हुए राज्य के विभिन्न महाविद्यालयों में सेहत केंद्र संचालित किये जा रहे हैं। यहां युवाओं को सेहत एवं प्रजनन स्वास्थ्य स्वास्थ्य से जुडी जानकारी उपलब्ध करायी जाती है। डॉ. सज्जाद ने बताया कि राज्य में अभी कुल प्रजनन दर 3 प्रतिशत है जो की राष्ट्रीय औसत 2.1 से अधिक है। कुल प्रजनन दर को और नीचे लाने के लिए युवाओं के साथ सभी को एकजुट होकर प्रयास करने की जरुरत है। हर महीने की 21 तारीख को सभी स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन दिवस मनाया जाता है जहां लाभार्थियों का उन्मुखीकरण किया जाता है।

फ्रंट लाइन वर्कर्स की भूमिका अहम: बैठक को संबोधित करते हुए केयर इंडिया की परिवार नियोजन कार्यक्रम की राज्य पदाधिकारी डॉ. पद्मा ने बताया कि राज्य में सभी आशा कार्यकताओं का उन्मुखीकरण किया जा रहा है जिससे परिवार नियोजन के साधनों एवं इसके लाभ के संदेश को वह सटीक तरीके से समुदाय से साझा कर सकें। डॉ. पद्मा ने बताया कि परिवार नियोजन साधनों को अपनाने के बारे में समुदाय में फैली भ्रांतियों को दूर करने की जरुरत है और इसमें फ्रंट लाइन वर्कर्स की भूमिका अहम है। केयर की टीम की तरफ से बताया गया कि नवीन गर्भनिरोधक छाया की महिलाएं सहजता से स्वीकार कर इसके उपयोग कर रहीं हैं। बैठक का संचालन पापुलेशन काउंसिल की तरफ दे डॉ. राजीब आचार्या ने किया।

खबरें फटाफट

जी20 सम्मेलन से जुड़े आभाष कुमार

जहानाबाद। यूपी की राजधानी लखनऊ के द सेंट्रम होटल तीन दिवसीय जी-20 समिट की मेजबानी कर रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय इलेक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार के मंत्री अश्वनी वैष्णव, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय के मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय के साथ केंद्रीय राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने संयुक्त रूप से किया। डिजिटल इकोनामी वर्किंग ग्रुप की लखनऊ में 13 से 15 फरवरी तक होने वाली इस बैठक में जी-20 में शामिल 20 देशों के साथ भारत के 9 मित्र देशों के कुल 120 प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें जिले के लाल और अंतरराष्ट्रीय यूथ आईकॉन माईगव बिहार के ब्रांड अम्बेडसर आभास कुमार को भी शामिल किया गया है। इस दौरान साइबर क्राइम, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डिजिटल शिक्षा पर अलग-अलग समूह के साथ सत्र चलेंगे।

अपहरण मामले में दो दोषी करार

सासाराम। जिला व्यवहार न्यायालय स्थित एडीजे 6 विशेष न्यायधीश पोक्सो अधिनियम रामजी यादव की अदालत ने मंगलवार को 12 वर्षीया नाबालिग की शादी की नियत से अपहरण से जुड़े एक मामले में सुनवाई करते हुए दो आरोपियों को दोषी ठहराया है। कोर्ट ने इस मामले में छोटा शेखपुरा सासाराम निवासी एहसान खान एवं इमाम खान को दोषी करार दिया है। मामले की प्राथमिकी सासाराम नगर थाने में 4 साल पूर्व दर्ज हुई थी। मामले में अभियोजन पक्ष की अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक शाहिना कमर ने बताया कि उक्त घटना 14 मई 2019 को रात्रि में घटी थी। जब मामले के सूचक एक शादी समारोह में शिरकत कर अपने घर लौट रहे थे उनके घर में उनकी बूढ़ी माता एवं 12 वर्षीय पुत्री थी।

उमड़ते सौ करोड़ अभियान में किशोरियों की आवाज... हिंसा हमें मंजूर नहीं

केटी न्यूज/पटना

❒ बिहार में भी उमड़ते सौ करोड़ अभियान कार्यक्रम में उठी महिलाओं की गूंज

'उमड़ते सौ करोड़ अभियान' के अन्तर्गत सराय पंचायत के मैदान, मनेर, पटना में सहयोगी संस्था के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में किशोर, किशोरियों-महिलाओं ने मिलकर जेंडर हिंसा एवं शोषण के विरुद्ध आवाज बुलंद किया। पहली दफा किशोरियों ने आयोजन में भाग लेते हुए घरेलू हिंसा एवं लिंग आधारित भेदभाव पर अपनी राय रखी। वहीं, कार्यक्रम में महिला बैंड की धुन पर कार्यक्रम में शामिल 1000 से अधिक लोग झूमते एवं थिरकते दिखे। इस अवसर पर लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने का आह्वान किया गया।

उमड़ते सौ करोड़ अभियान की राज्य समन्वयक एवं सहयोगी की प्रमुख रजनी ने इस अवसर पर कहा कि आज महिलाएँ, किशोरियां कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रही हैं। घर-परिवार के साथ-साथ घर के बाहर कार्यस्थल और सड़क पर विभिन्न प्रकार की हिंसा और असमानता को झेलती हैं। व्यावसायिक (प्रोफेशनल) जिम्मेदारियों में बेहतरी का दबाव भी उनपर बना हुआ है। साथ ही, सामाजिक ताने-बाने के अंदर परिवार को बनाये रखने की जिम्मेदारी भी महिलाओं के कंधे पर है। उन्होंने आगे कहा कि महिला के सम्मानपूर्ण स्थान एवं हिंसा मुक्त समाज हमारी जिम्मेदारी है।

महिला शोषण, हिंसा एवं लिंग आधारित भेदभाव एक अभिशाप: सामाजिक एवं महिला अधिकार कार्यकत्री कंचन बाला ने कहा कि समाज के लिए महिला शोषण एवं घरेलू हिंसा किसी अभिशाप से कम नहीं है। वहीं, लिंग आधारित भेदभाव समाज के साथ देश के विकास में सबसे बड़ी बाधक भी है।

सराय पंचायत की मुखिया सुचित्रा सिन्हा ने कहा कि समाज को पुरुष प्रधान मानसिकता से निकलने की जरूरत है। महिलाओं की भूमिका पुरुषों से किसी भी अर्थ में कम नहीं है। घरेलू हिंसा एवं लिंग आधारित भेदभाव के खिलाफ परिवार एवं समाज के पुरुषों को भी आगे आना चाहिए। सराय की सरपंच बबिता देवी ने किशोरियों को घरेलू हिंसा एवं लिंग आधारित भेदभाव पर चुप्पी तोड़ने एवं एकजुट होकर इसके खिलाफ आवाज उठाने के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि सामाजिक एकजुटता से महिला के साथ हो रहे शोषण एवं दुर्व्यवहार पर विराम लगाया जा सकता है।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम दिया संदेश : इस मौके पर पंचायत के विभिन्न गांवों से महिला एवं किशोरियों ने अपनी प्रतिभागिता की एवं स्थानीय किशोरियों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुति द्वारा समुदाय को महिला हिंसा को समाप्त करने के प्रति सजग एवं तत्पर रहने के लिए आगाह किया। किशोरियों द्वारा गीत, संगीत, कविता एवं नृत्य कर समान अवसर एवं अधिकार देने की बात कही गई। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों से अपील किया कि बेटी-बेटे में अंतर न करें एवं उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण के साथ समान अवसर और अधिकार उपलब्ध कराएं।

मौके पर समाज सेवी एवं महिला अधिकार कार्यकर्ता कंचन बाला, सराय पंचायत की मुखिया सुचित्रा सिन्हा, अंशु देवी, बलुआ की उपमुखिया चंचल देवी, पैनाल पंचायत की सरपंच बबिता देवी, सामाजिक कार्यकर्ता प्रणेश कुमार सिंह, श्री ओम सिन्हा के साथ मनेर, बिहटा, दानापुर प्रखंड के कई वार्ड सदस्य उपस्थित रहीं।

यह एक अंतर्राष्ट्रीय अभियान

रजनी ने इस अभियान के बारे में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि उमड़ते सौ करोड़ अभियान एक अन्तराष्ट्रीय अभियान है एवं यह दो सौ से अधिक देशों में लिंग आधारित हिंसा एवं भेदभाव को समाप्त करने हेतु एक सशक्त प्रयास है। साथ ही पर्यावरण संतुलन को बनाये रखना भी इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने इस अभियान के इस वर्ष के सन्देश ह्यशांति, प्यार, सौहार्दह्ल पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि किशोरियों-महिलाओं के सम्मान की रक्षा करना सभी का अधिकार एवं कर्तव्य है, गैर-बराबरी एवं हिंसा-शोषण हमें बर्दाश्त नहीं है।

किसानों को खेती के लिए बिजली मुफ्त मिलेः मांझी

केटी न्यूज/जहानाबाद

♦ गरीब संपर्क यात्रा के दौरान बोले पूर्व सीएम

देश में किसान बिजली बिल से परेशान हैं। उद्योगपतियों को तरह तरह का आर्थिक लाभ मिलता है, लेकिन देश की रीढ़ किसान को कोई राहत नहीं मिलती। इसलिए देश और राज्य में किसानों का बिजली मुफ्त मिलना चाहिए। गरीब संपर्क यात्रा के तीसरे दिन जहानाबाद जिले के हुलासगंज, मखदुमपुर स्थिति धराउत, रेहटा व मखदुमपुर में जनसभा के दौरान बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हम (सेक्यूलर) के संरक्षक जीतन राम मांझी ने यहा मांग रखी। उन्होंने बताया कि जब वो सीएम थे तो फैसला किया था कि गरीब लोगों को एक एकड़ जमीन खेती के लिए दी जाए। इसपर अभी तक अमल नहीं हो पाया। वो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक इस मुद्दे को लेकर जाएंगे।

हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) या हम (सेक्युलर) का गरीब संपर्क यात्रा के तीसरे दिन की शुरूआत मंगलवार को जहानाबाद के हुलासगंज से हुई। उसके बाद जिले के विभिन्न जगहों जैसे- हुलासगंज (बंडा मोड़) में नुक्कड़ सभा, सुकियामा पुल के पास, बौरी हाई स्कूल के पास, वंशीबीघा पुल के पास, विशुनगंज में और फिर धराऊत फिल्ड में नुक्कड़ सभा का

आयोजन किया गया। उन्होंने यह भी मांग की कि श्रीकृष्ण सिंह, दशरथ मांझी और कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिया जाय। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि अगले चुनाव में उन्हें ही वोट दें जो कॉमन स्कूल प्रणाली पर चुनाव लड़े। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जातियों के आरक्षण को खत्म करने की साजिश चल रही है। अनुसूचित जातियों की आबादी काफी ज्यादा बढ़ गयी है जबकि आरक्षण अभी भी 15 प्रतिशत ही है। अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षण की इस सीमा को बढ़ाया जाय। जनसभा को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम ने कहा कि सीएम नीतीश कुमार ने राज्य में अच्छा काम कर रहे हैं। लेकिन कुछ काम अभी अधूरा है।

कुंडेश्वर गांव के समीप सड़क हादसे में बाल-बाल बचे जाप सुप्रीमो

भोजपुर में पप्पू यादव के काफिले की टकराई गाड़ियां, दो बीएमपी जवान समेत 11 जख्मी

- शादी समारोह में हिस्सा लेने छपरा से बक्सर जाने के दौरान हुआ हादसा
- बक्सर जिलाध्यक्ष सहित दो पटना रेफर, अन्य का आरा में हुआ इलाज
- घटना के बाद फोरलेन पर काफी देर तक मची रही अफरातफरी

केटी न्यूज/आरा

पटना-बक्सर फोरलेन पर भोजपुर-बक्सर की सीमा पर शाहपुर थाने के कुंडेश्वर गांव के पास सोमवार की देर रात अनियंत्रित ट्रक से बचने में जाप सुप्रीमो पप्पू यादव के काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गयी। जाप नेता को स्कॉट कर रही गाड़ी भी पलट गयी। हादसे में बीएमपी के दो जवान, स्कॉट वाहन के चालक व जाप नेताओं सहित कम से कम 11 लोग जख्मी हो गए। इनमें जाप के बक्सर जिलाध्यक्ष और संगठन प्रभारी भी शामिल हैं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कई गाड़ियों के परखच्चे उड़ गये हैं। हादसे में जाप सुप्रीमो पप्पू यादव बाल-बाल बच गये। घटना के बाद फोरलेन पर अफरातफरी मची गई। घटना के समय जाप सुप्रीमो अपने संगठन के प्रदेश महासचिव परमानंद यादव के बेटे की बारात में शामिल होने बक्सर के पुरवां गांव जा रहे थे। हादसे के बाद जाप नेताओं और पुलिस की मदद से सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें बक्सर जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव और संगठन प्रभारी दिनेश कुमार यादव को पटना रेफर कर दिया गया है। अन्य का इलाज आरा सहित अन्य अस्पतालों में कराया जा रहा है। स्कॉट वाहन के चालक और दोनों जवानों को गंभीर चोटें आयी है।

ओवरटेक कर रहे ओवरलोड ट्रक से बचने के कारण हुआ हादसा : जाप सुप्रीमो पप्पू यादव सोमवार की रात छपरा के मुबारकपुर गांव में पीड़ितों से मुलाकात करने के बाद बक्सर जा रहे थे। उनको संगठन के प्रदेश महासचिव और बक्सर के चक्की गांव निवासी परमानंद यादव के बेटे की बारात में पुरवा गांव जाना था। उनके साथ बक्सर और भोजपुर के जिलाध्यक्ष सहित कई नेता भी बक्सर जा रहे थे। काफिले में कई गाड़ियां शामिल थी और स्कॉट गाड़ी भी चल रही थी। उस दौरान भोजपुर और बक्सर की सीमा पर शाहपुर के कुंडेश्वर गांव के नजदीक ओवरलोड ट्रक उनके काफिले की गाड़ियों को ओवरटेक कर रही थी। ट्रक से बचने में उनके काफिले की गाड़ियां आपस में टकरा गयी और स्कॉट वाहन पलटा गयी और सभी गाड़ियों में सवार लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। इधर, इलाज के बाद पूर्व विधायक भाई दिनेश सहित अन्य नेताओं द्वारा बक्सर जिलाध्यक्ष समेत घायलों बेहतर इलाज के पटना ले जाया गया। घायलों में जाप के बक्सर जिलाध्यक्ष, संगठन प्रभारी, राजू यादव राजकुमार, धनजीत यादव, लालू कुमार, अशोक कुमार, हरेंद्र कुमार यादव, सैफ जवान प्रेमचंद यादव, बीएमपी के दो जवान और चालक लोग शामिल हैं।

पप्पू यादव बोले-भगवान ने बचा ली जान

भीषण हादसे में बाल-बाल बचे जाप सुप्रीमो पप्पू यादव की ओर से भगवान को शुक्रिया अदा किया गया है। जाप सुप्रीमो के अनुसार सारण के मुबारकपुर के पीड़ितों से मुलाकात करने के बाद वे लोग अपने संगठन के प्रदेश महासचिव परमानंद यादव के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए बक्सर के पूरवा गांव जा रहे थे। उनके साथ बक्सर और भोजपुर के जिलाध्यक्ष के अलावे बबन यादव सहित नेता पार्टी के अन्य नेता भी थे। उसी बीच एक ओवरलोड ट्रक लगातार उनलोगों की गाड़ियों को ओवरटेक कर रहा था। उसे देखते हुए स्कॉट गाड़ी के ड्राइवर ने बचाने की कोशिश की। उसके चलते पीछे से आ रही गाड़ियां आपस में टकरा गयी। उन्होंने कहा कि गार्ड और स्कॉट गाड़ी नहीं होती तो बड़ा हादसा हो सकता था। उन्होंने ओवरलोड वाहनों के परिचालन पर गहरा रोष प्रकट करते हुए उस पर रोक लगाने की भी आवाज उठायी है।

अवैध नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउंड को सील किया जाए : जिलाधिकारी

केटी न्यूज/जहानाबाद

जिलाधिकारी रिची पांडेय की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें संबंधित पदाधिकारियों एवं चिकित्सकों को आवश्यक निदेश दिया गया। जिलाधिकारी नले स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं के प्रगति प्रतिवेदन की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली प्रसव पूर्व सेवा के साथ प्रसव उपरांत जननी एवं बाल सुरक्षा योजना अंतर्गत देय प्रोत्साहन राशि के भुगतान की समीक्षा की गयी।

इस क्रम में अधीक्षक, सदर अस्पताल एवं सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के एमओआईसी को निदेश दिया गया कि दस दिनों के अंदर जननी एवं बाल सुरक्षा योजना के सभी लंबित भुगतान के मामलों को भुगतान कर अद्यतन किया जाय।

जिलाधिकारी ने निदेश दिया गया कि जब तक जननी एवं बाल सुरक्षा योजना के सभी लाभार्थियों का लंबित भुगतान अद्यतन नहीं होता है तब तक सभी संबंधित लेखापाल का मानदेय स्थगित किया जाए। जिलाधिकारी ने जिले में संचालित नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में सिविल सर्जन को निदेशित किया गया कि अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम एवं अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों का नियमित रूप से अभियान चला कर जांच करते हुए अविलंब सील करने की कार्रवाई किया जाए।

गाय से प्राप्त हर उत्पाद मानव के लिए लाभप्रदः एसडीओ

केटी न्यूज/जहानाबाद

महर्षि दयानंद सरस्वती जी की 200वें जन्मोत्सव वर्ष पर स्थानीय श्रीकृष्ण गोशाला, गोरक्षिणी जहानाबाद में डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र- छात्राओं द्वारा गो सेवा का कार्यक्रम किया गया। बच्चों द्वारा घरों से ताजी रोटी- गुड़ लाकर अपने हाथों से गायों को खिलाया गया। विद्यालय द्वारा गोशाला के लिये आर्थिक सहयोग भी किया गया। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी सह श्री कृष्ण गोशाला के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि गाय से प्राप्त हर उत्पाद हमारे लिए संजीवनी समान है। आज पूरी दुनिया प्राकृतिक खेती की तरफ उन्मुख हो रही है और गोमाता से प्राप्त गोबर व गोमूत्र के उपयोग के बगैर प्राकृतिक खेती नहीं

हो सकती। इसलिए गो सेवा के लिये सभी को आगे आना चाहिये।

डीएवी के प्राचार्य केके पांडेय ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं परंपरा में गोमाता की सेवा और रक्षा का विशेष महत्व माना गया है। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती जी ने कहा है कि गौ भारत का अभिमान है, राष्ट्र की पताका है, स्वराज्य का आधार है, सुखों का स्रोत है, संपत्ति का केंद्र है, निर्धन का जीवन है, धनवान की शोभा है, सरलता और सौम्यता की सजीव मूर्ति है, परोपकार की प्रतिमा है, ऐसी गौ की हर प्रकार से रक्षा करना मनुष्य-मात्र का कर्तव्य है। बच्चों में गो की सेवा का संस्कार डालने के लिये विद्यालय द्वारा समय समय पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे हैं। महर्षि दयानंद के 200 वें जन्मोत्सव वर्ष के अवसर पर यह दो दिनों का कार्यक्रम आयोजित किया गया । गोशाला के सचिव प्रकाश मिश्र ने कहा कि इस अद्भुत एवं अनुकरणीय कार्यक्रम के लिए गौशाला परिवार डीएवी विद्यालय एवं जीव जंतु कल्याण बोर्ड का आभार व्यक्त करता है। कार्यक्रम में गौशाला के उपाध्यक्ष मयंक मौलेश्वर, कोषाध्यक्ष भोला प्रसाद, कार्यकारिणी सदस्य संजय आर्य, गौ रक्षक वार्ड पार्षद संजय कुमार लाल, वार्ड पार्षद संजय कुमार गुप्ता, वार्ड पार्षद सत्येंद्र दास, प्रोफेसर भूषण शर्मा, प्रबंधक धनेश्वर शर्मा, अनिल आर्य, महेंद्र प्रसाद सहित आर्य समाज के कई सदस्य एवं गो भक्त उपस्थित थे।

एक नजर

शहीद जवानों की मनाई गई चौथी बरसी

जहानाबाद। अभाविप की नगर इकाई के द्वारा 14 फरवरी 2019 पुलवामा में हुए पाक आतंकवादियों के द्वारा भारतीय सेना पर कार्यता पूर्ण हमला किया गया था। जिनकी चौथी बरसी पर गांधी मैदान से कारगिल चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। इसमें भारत माता की जय, पाकिस्तान मुदार्बाद की नारा लगाते हए गांधी मैदान से गया मोड़ होते कारगिल चौक तक पहुंची। जिसमें नगर मंत्री शुभांकर कुमार ने बताया कि पाकिस्तान की नियत में खोट रहा है। इसके द्वारा आतंकवादियों को संरक्षण दिया जाता है और पाकिस्तान सरकार के द्वारा आतंकवादियों को सारी चीजें मुहैया कराई जाती है। केवल और केवल इसलिए कि भारत में आतंकी हमले कर सके। नगर सह मंत्री शिवम शर्मा, विष्णु शंकर एवं राहुल नारायण ने बताया कि पाकिस्तान को अपने जनता की चिंता करनी चाहिए जो पैसे आतंकी को फंडिंग करते हैं और पैसे से देश के विकास में लगाना चाहिए। अगर यह नियत रही तो वक्त दूर नहीं है कि पाकिस्तान नीलाम हो जाएगा। वहीं मौके पर उपस्थित जिला प्रमुख प्रो. प्रकाश चंद्र, जिला संयोजक गोपाल शर्मा, अमन कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरजीत कुमार विक्रम कुमार, शुभम कुमार, सूरज कुमार, गोविंद कुमार, सौरव कुमार एवं दर्जनों छात्र उपस्थित रहे।

देसी कट्टा लेकर टाउन थाना पहुंचा युवक

जहानाबाद। जिले के नगर थाने में मंगलवार को ग्रामीणों के साथ एक युवक हाथ में देसी कट्टा लेकर पहुंच गया। जिसे देख पुलिस भी हैरान रह गयी। पुलिस ने सबसे पहले कट्टा को जब्त किया और युवक से पूछताछ की तब पता चला कि वो न्याय की मांग के लिए गांव वालों को अपने साथ लेकर आया है। युवक अपने गांव के लोगों के साथ नगर थाना पहुंच कर न्याय की गुहार लगाने पहुंचा था। मामले में बताया जाता है कि मखदुमपुर थाना क्षेत्र के किशुनपुर गांव में अहले सुबह आपसी विवाद में दो गुटों के बीच में जमकर मारपीट हुई। जीसमें एक गुट के लोग दूसरे गुट पर हमला करने के उद्देश्य से हथियार लेकर पहुंचा। लेकिन ग्रामीणों के सहयोग से हथियार लेकर आए युवक से हथियार छीन कर अपने कब्जे में ले लिया। उसके बाद मामले की सूचना मखदुमपुर थाना के पुलिस को दी गई, लेकिन इस मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की गई। तब सभी ग्रामीण हथियार लेकर नगर थाना पहुंचे। हालांकि, मामले में नगर थाना की पुलिस देसी कट्टा को अपने कब्जे में लेकर तीनों युवक से पूछताछ कर रही है और सभी बिंदुओं पर नगर थाना की पुलिस जांच कर रही है।

सरयू लाल और नंदू पासवान एमडीए अभियान में हिस्सा लेकर लोगों को दवा सेवन की कर रहे अपील

हाथीपांव के मरीज नहीं चाहते दूसरे लोग हों इस बीमारी के शिकार

- केएमडीए अभियान की सफलता के लिए कर रहे है विभाग की मदद

केटी न्यूज/गया

जिला में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया गया है। इस अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मियों की टीम घर-घर जाकर लोगों को अपने सामने दवा का सेवन करा रही है। दवा सेवन के काम में हाथीपांव मरीजों द्वारा तैयार किये गये पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क का भी सहयोग मिल रहा है। पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के लोग अपने आसपास के लोगों सहित नजदीकी गांव में जाकर लोगों को दवा सेवन के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

हाथीपांव मरीज अपने प्रभावित अंगों को दिखा कर लोगों को फाइलेरिया के बारे में बता रहे हैं। ग्रामीणों को इस बात की जानकारी दे रहे हैं कि फाइलेरिया होने से उन्हें इसी प्रकार का हाथीपांव हो सकता है। इसके साथ ही वे फाइलेरिया के कारण अपने जीवन पर हुए प्रभाव की चर्चा कर लोगों से दवा सेवन करने की अपील कर रहे हैं।

सरयू और नंदू कर रहे लोगों को जागरूकः सरयू लाल मानपुर और नंदू पासवान सदर प्रखंड के चांकद के रहने वाले हैं। वे दोनों हाथीपांव मरीज हैं। हाथीपांव के कारण उनका सामाजिक-आर्थिक जीवन प्रभावित हुआ है। वे एक हाथीपांव मरीज होने के दर्द को अच्छी तरह समझते हैं। हाथीपांव होने के कारण उन्हें अपनी जिंदगी में कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक तरह की विकलांगता का सामना किया। इन लोगों ने हर जगह जाने में सक्षम नहीं होने की समस्या को करीब से अनुभव किया है। हाथीपांव के कारण हमेशा पैरों में रहने वाले दर्द को अच्छी तरह समझते हैं। हाथीपांव मरीजों के द्वारा बनाये गये पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के वह सक्रिय सदस्य हैं।

नहीं चाहते हैं कि दूसरे भी हों रोग के शिकार : सरयू लाल का कहना है कि हाथीपांव की परेशानियों को वह अच्छी तरह जानते समझते हैं। वह नहीं चाहते कि दूसरे लोग भी इस रोग का शिकार हों। हाथीपांव से बचाव के लिए लोगों को रोग के बारे में जानकारी देना वह जरूरी समझते हैं। इसलिए वे रोजाना अपने क्षेत्र भ्रमण कर लोगों को दवा सेवन करने के बारे में जानकारी दे रहे हैं। लोगों को स्वास्थ्यकर्मियों के सामने ही दवा सेवन करने की सलाह दे रहे हैं।

फाइलेरिया से बचाव सिर्फ दवा के सेवन से ही

सरयू लाल बताते हैं कि कई सालों बाद उनके पैरों में सूजन होने लगी और दर्द रहने लगा। दर्द इतना कि चलने फिरने और सामान्य कार्यों में भी परेशानी होती। डॉक्टरों से पता चला कि यह फाइलेरिया है। जो ठीक नहीं हो सकता है। व्यायाम और प्रभावित अंग की अच्छी तरह साफ-सफाई और देखभाल से ही परेशानी को कम किया जा सकता है। उन्हें इस बात की जानकारी मिली कि फाइलेरिया की रोकथाम दवा के सेवन से ही किया जा सकता है, तब से वह इस मुहिम में जुट गये हैं। उनका लक्ष्य अधिक से अधिक लोगों को जरूरी दवा का सेवन करा इस रोग से बचाव करवाना है ताकि आने वाले समय में कोई भी हाथीपांव का शिकार नहीं हो सके। सरयू लाल लोगों को मच्छर से बचाव करने के लिए सलाह देते और हाथीपांव को लेकर भ्रांतियों को भी दूर करते हैं।

खबरें फटाफट

चोरी की मोबाइल के साथ चोर धराया

बक्सर। मंगलवार को चेकिंग अभियान में चोरी के मोबाइल के साथ एक चोर जीआरपी के हत्थे चढ़ गया है। गिरफ्तार चोर की पहचान स्थानीय शहर के मॉडल थाना क्षेत्र के मोसाफिरगंज निवासी राजा अंसारी पिता सगीर अंसारी के रूप में जीआरपी डीडीयू द्वारा की गई है। इस संबंध में पूछे जाने पर जीआरपी डीडीयू प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार सिंह ने बताया कि मंगलवार की सुबह विभागीय उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देशन में आरपीएफ तथा जीआरपी द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के अंतर्गत प्लेटफार्म संख्या 3 और 4 के पूर्वी मेंटेनेंस रूम के समीप राजा अंसारी संदिग्ध अवस्था में दिखा जिसे पकड़ कर थाने लाकर के पूछताछ की गई तो कोई माकूल जवाब नहीं देने की स्थिति में उसकी जमा तलाशी ली गई। उसके पास से किसी ट्रेन से चुराया गया किसी यात्री का एक स्मार्टफोन बना बरामद हुआ। युवक को सुसंगत धाराओं में जेल भेज दिया गया।

शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

डुमरांव। मंगलवार को डुमरांव थाना क्षेत्र के एकौनी गांव के राजकुमार राम के घर बिजली के सर्ट सर्किट से आग लगने से झोपड़ीनुमा घर जलकर राख गया है। आगलगी की इस घटना में पीड़ित के घर में रखे कपड़ा, गेहूं, चावल, धान, एक बकरी, एक साइकिल, पंखा तथा अन्य सामान जलकर राख हो गए है। पीड़ित ने बताया कि घटना सुबह साढ़े आठ बजे की है। इस संबंध में सीओ को आवेदन दे पीड़ित ने न्याय की गुहार लगाई है। सीओ को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि वह मजदूरी कर अपना जीविकोपार्जन करता है। हाल ही में पिता की मृत्यु भी हुई है। उनके श्राद्ध कर्म के लिए घर में खाद्य सामग्री तथा अन्य सामान इकट्ठा किया था। लेकिन इस घअना में सभी सामान जल गए है। पीड़ित ने बताया कि आगलगी की इस घटना में उसका सबकुछ जलकर राख हो गया है।

परिवार नियोजन के साधनों का प्रयोग करने में महिलाएं पुरुषों से आगे

केटी न्यूज/बक्सर

बढ़ती जनसंख्या पर अंकुश लगाने के लिए परिवार नियोजन बेहद जरूरी है। यह तभी संभव है जब महिलाएं और पुरुष दोनों ही अपनी जिम्मेदारी को बखूबी समझें। अब कारण भले ही कुछ हों, लेकिन महिलाएं इसके प्रति गंभीर हैं। वहीं, पुरुषों में परिवार नियोजन के प्रति सहभागिता और जागरूकता की कमी है। यही कारण है कि जिले में चलाए जाने वाले परिवार नियोजन पखवाड़ों में भी पुरुषों की भागीदारी कम दिखती है। सरकारी आंकड़ों में भी पुरुष महिलाओं की तुलना में काफी पीछे हैं। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 (एनएफएचएस-5) की रिपोर्ट के

- महिलाओं में परिवार नियोजन के प्रति सजगता लगातार बढ़ रही है

अनुसार महिलाओं में परिवार नियोजन के प्रति सजगता लगातार बढ़ रही है। एनएफएचएस की सर्वे रिपोर्ट में बक्सर जिले से 15 से 49 वर्ष आयुवर्ग की महिलाओं को शामिल किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार परिवार नियोजन के साधनों का प्रयोग करने का आंकड़ा अब और बढ़ा है। इसमें महिलाएं अब भी पुरुषों से आगे हैं। बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए सरकार की ओर से तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है पर परिणाम में कोई खास परिवर्तन अब तक सामने नहीं आ सका है।

महिला नसबंदी में 5.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज : एनएफएचएस की सर्वे रिपोर्ट के अनुसार अब बक्सर की 60.5 फीसदी महिलाएं परिवार नियोजन के किसी न किसी साधन का प्रयोग कर रही हैं। यह आंकड़ा एनएफएचएस-4 सर्वे में 35 फीसदी था। महिला नसबंदी अब 35.1 फीसदी तक पहुंच चुकी है। जो पूर्व के सर्वे में 29.8 फीसदी थी। यहां भी 5.3 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई है, जबकि पुरुषों की नसबंदी का ग्राफ 0.4 फीसदी पर ही सिमटा हुआ है। गर्भ निरोधक गोलियों के सेवन का आंकड़ा पिछले सर्वे की तुलना में 1.6 फीसदी बढ़कर 2.4 फीसदी दर्ज हुआ है। आईयूडी, पीपीआईयूडी और इंजेक्शन के प्रयोग से महिलाएं कर रही हैं परहेज। प्रसव के बाद परिवार नियोजन के साधन का तरीका आईयूडी, पीपीआईयूसीडी (पोस्टपार्टम इंट्रायूटेराइन कॉन्ट्रासेप्टिव डिवाइस) के प्रयोग का आंकड़ा अब कम हुआ है। सर्वे रिपोर्ट चार के दौरान 0.5 फीसदी महिलाओं ने इनका प्रयोग किया था पर अब 1.0 फीसदी ही इनका प्रयोग कर रही हैं। इसी तरह परिवार नियोजन के लिए इंजेक्शन के इस्तेमाल में भी पिछले सर्वे के अनुसार करीब 0.8 फीसदी की बढ़ोत्तरी दर्ज हुई है। इन तरीकों के प्रयोग के बाद 67.3 फीसदी महिलाओं ने साइड इफेक्ट की बात कही है।

भ्रामक सूचनाओं से जूझ रहा है पुरुष वर्ग

डीसीएम हिमांशु सिंह ने बताया, करीब 90 फीसदी पुरुष भ्रामक सूचनाओं की चपेट में हैं। उन्हें नसबंदी या कंडोम प्रयोग के बाद चरमसुख प्रभावित होने, नसबंदी तकलीफदेह होने, जननांग संबंधी कैंसर का खतरा बढ़ने, डिमेंशिया की चपेट में आने समेत अन्य गलतफहमी हैं, जबकि शोध के अनुसार यह सब मिथक हैं। नसबंदी या परिवार नियोजन के साधनों के प्रयोग के दौरान कोई भी क्रिया प्रभावित नहीं होती। यौन रोग एचआईवी-एड्स, सिफलिस जैसी संक्रामक बीमारियों से सुरक्षा मिलती है। वहीं, परिवार नियोजन के लिए लोगों को स्थायी व अस्थायी विकल्प की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही। जो जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य केंद्रों में लोगों को इसकी जानकारी देने के लिए नियमित आशा, एएनएम आदि उपस्थित रहती हैं। जिनसे लोग परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों की जानकारी ले सकते हैं।

मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन दोनों पालियों में 328 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

कड़ी सुरक्षा के बीच मैट्रिक परीक्षा शुरू दोनों पालियों में हुई गणित की परीक्षा

केटी न्यूज/बक्सर

बिहार बोर्ड द्वारा आहूत मैट्रिक परीक्षा मंगलवार से चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले के 28 परीक्षा केन्द्रों पर शुरू हुई। पहले दिन दोनों पालियों में गणित विषय की परीक्षा ली गई। सभी केन्द्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे तथा सघन तलाशी अभियान के बाद ही छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा था। यहां तक की बोर्ड के निर्देश पर परीक्षार्थियों को जूता मोजा तक पहन कर केन्द्र में जाने की इजाजत नहीं दी गई। सभी परीक्षा केन्द्रों के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा के तहत धारा 144 लागू कर दिया गया है। पहले दिन दोनों पालियों को मिलाकर कुल 328 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। पूरे दिन विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर उड़नदस्ता टीम की गाड़िया दौड़ लगाते रही।

इसके अलावे केन्द्रों पर नियुक्त किए गए मजिस्ट्रेट व पुलिस बल भी नकलमुक्त परीक्षा कराने में तत्पर रहे। जिसका नतीजा था कि पहले दिन जिले के किसी भी परीक्षा केन्द्रों पर

- मॉडल परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों का पुष्पवर्षा कर किया गया स्वागत
- बेपटरी हुई ट्रैफिक व्यवस्था, लगा महाजाम

नकल के आरोप में किसी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया है। वही सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे के साथ ही वीडियोग्राफी भी करवाई गई। जिस कारण परीक्षार्थियों में भय बना रहा। गणित के कठिन सवालों से भी परीक्षार्थी जूझते रहे थे।

28 केंद्रों पर 29560 जुटे परीक्षार्थी

इस बार सभी 28 केन्द्रों पर कुल 29888 परीक्षार्थियों को परीक्षा देना था। जिनमें पहले दिन 29560 परीक्षा में शामिल हुए जबकि 328 अनुपस्थित थे। प्रथम पाली में कुल 14 हजार 835 परीक्षार्थियों में 14 हजार 686 ने परीक्षा में भाग लिया, जबकि 149 अनुपस्थित रहे। वहीं दूसरी पाली में कुल 15053 परीक्षार्थियों में 14874 परीक्षा में भाग लिए और 179 ने विभिन्न कारणों से परीक्षा छोड़ दी।

मॉडल परीक्षा केंद्र पर हुआ जोरदार स्वागत

मैट्रिक परीक्षा के लिए बक्सर व डुमरांव अनुमंडल में दो-दो मॉडल केन्द्र बनाए गए है। जहां परीक्षा देने जाने वाले परीक्षार्थियों का जोरदार स्वागत किया गया है। उनपर पुष्पवर्षा भी की गई। परीक्षार्थियों को फूल व चॉकलेट भी दिया गया। उत्सवी माहौल में परीक्षा देने से परीक्षाथियों के चेहरे पर रौनक छा गई थी। इसके माध्यम से परीक्षार्थियों की टेंशन थोड़ी कम करने कोशिश की गई।

जाम से जूझते रहे बच्चे व अभिभावक

परीक्षा के पहले दिन बक्सर व डुमरांव में महाजाम लग गया था। जिस कारण परीक्षार्थियों तथा उनके अभिभावकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं, डुमरांव पश्चिमी रेलवे क्रॉसिंग के पास जाम लग गया था। परीक्षार्थियों को घंटों जाम से जूझना पड़ रहा था। यही हाल पूरे शहर में देखने को मिली। परीक्षार्थियों को अपने निर्धारित केन्द्र पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

एक नजर

ब्रह्मपुर का ऐतिहासिक फाल्गुनी पशु मेला शुरू

ब्रह्मपुर। मंगलवार को ब्रह्मपुर का ऐतिहासिक फाल्गुनी पशु मेला का उदघाटन किया गया। ब्रह्मपुर के बीएन हाई स्कूल के मैदान में आयोजित हुए इस पांच दिवसीय ऐतिहासिक एवं धरोहर फाल्गुनी पशु मेला का उदघाटन ब्रह्मपुर विधायक शंभूनाथ यादव व डुमरांव विधायक डा अजित कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मेले का सामपन 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के दिन होगा। समापन के मौके पर सूबे के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आने की उम्मीद भी है। उदघाटन के बाद ब्रह्मपुर विधायक ने इसकी जानकारी भी दी। उदघाटन के मौके पर दूर-दराज से आए पशु व्यवसायी एवं दुकानदार तथा ग्रामीण मौजूद थे। इस मौके पर ब्रह्मपुर नगर पंचायत की चेयरमैन सुमन देवी ने दोनों विधायकों को माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। जबकि विधायकों ने खगड़िया के बड़े व्यवसाई दिनेश यादव एवं चारा व्यवसाई मो0 हबीब मियां को माल्यार्पण एवं अंग वस्त्र देकर और पगड़ी बांधकर सम्मानित किए। दोनों विधायक ने मेला के चारों तरफ घूम घूम कर निरीक्षण किए तथा जो कमी देखी उसे पूरा करने का निर्देश संचालकों को दिए। आयोजकों द्वारा मेले में सीसीटीवी कैमरा, मोबाइल टॉयलेट, पानी टैंकर, बिजली आदि सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। ताकी मेले में आने वाले व्यवसायियों, खरीददारों तथा घूमने आने वालों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उदघाटन के मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि राकेश महतो, दामोदर यादव, गोरख सिंह, अवधेश पांडेय, मुखिया श्रीभगवान सिंह, कुंदन सिंह, जेंदु यादव, भोला पांडेय, जगनारायण यादव, हरेंद्र यादव, सुरेंद्र सिंह, मो. शाकिर, दिनेश यादव, बिक्कू सिंह, टाना यादव, शिव शंकर यादव, वार्ड पार्षद राहुल अकेला, पिंटू सिंह, पप्पू कुमार, मंजूर अहमद, दिलीप तुरहा, गोगा मुसहर, बबलू सिंह, सलाहुद्दीन, राजेश साह, गुड्डू कुमार, जितेंद्र यादव, रीमा यादव आदि मौजूद थे।

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की गई जान

डुमरांव। आर्मी में ज्वाइनिंग से पहले ही एक युवक को मौत का बुलावा आ गया. युवक आर्मी में शामिल होने के लिए परीक्षा दिया था, जिसमें वह उतीर्ण भी हुआ था। अब वह दौड़ की तैयारी में जी जान से लगा था तथा ज्वाइनिंग लेटर आने की इंतजार में था। इसी दौरान मंगलवार की सुबह ट्रेन हादसे का शिकार बन बैठा और इसकी मौत हो गयी। घटना दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे स्टेशन स्थित पूर्वी गुमटी के समीप की बतायी जाती है। मृतक सिमरी के नियाजीपुर गांव स्थित गर्जन पाठक के डेरा के रहने वाले विश्राम यादव के 25 वर्षीय पुत्र मुकेश यादव बताया जाता है। मृतक वर्तमान में अपने परिजनों के साथ डुमरांव के डीएस कोठी मोहल्ले में अपने नये घर मे रह रहा था। घटना की जानकारी जैसे ही मृतक के परिजनों को मिली। घर में कोहराम मच गया और परिजनों के बीच मातम पसर गया। सभी रोते-बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे और शव की पहचान की. बताया जाता है कि युवक आर्मी में दौड़ की सफलता को लेकर हर रोज सुबह में मॉर्निंग दौड़ लगाता था। मंगलवार की सुबह भी वह दौड़ लगाने के लिए घर से निकला था। इसी दौरान पूर्वी गुमटी के पोल संख्या 644/1210 के समीप नॉन स्टॉप ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना मिलते ही जीआरपी पोस्ट प्रभारी अजय कुमार सिंह और रेल यात्री कल्याण समिति के अध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन सिंह सहित अन्य लोग घटनास्थल पर पहुंचे और मृतक की पहचान कराकर इसकी सूचना परिजनों को दी। रेल पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए बक्सर भेज दिया। परिजनों के अनुसार मृतक का चयन आर्मी में हो गया था, सिर्फ ज्वाइनिंग लेटर आना बाकी रह गया था। लेकिन इसके पहले ही इस दुःखद घटना ने परिजनों के होश उड़ा दिए है।

भाजपा ने सिमरी में आयोजित किया महाधरना

सिमरी। भारतीय जनता युवा मोर्चा, बक्सर के कार्यकताओं ने मंगलवार को सिमरी स्थित प्रखंड कार्यालय परिसर में बिहार सरकार के विरुद्ध महाधरना का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिला मंत्री सोनू द्विवेदी ने किया। वहां उपस्थित वक्ताओं ने बिहार सरकार पर यह आरोप लगाया कि छात्र कड़ी मेहनत कर परीक्षा की तैयारी करते हैं, पेपर लीक होने से उनकी मेहनत पर पानी फिर जाता है। महागठबंधन की सरकार ने 10 लाख युवाओं को नौकरी देने का घोषणा की थी, यह जुमला साबित हो रहा है। महागठबंधन की निरंकुश सरकार के वादा खिलाफ युवा मोर्चा कार्यकर्ता संघर्ष करते रहेंगे। अगर सरकार ने अपनी नियत नहीं बदली तो युवा मोर्चा के कार्यकताओं को ईंट सें इंट बजाने आता है। महागठबंधन सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। कार्यक्रम में जिला मंत्री अंपु राय, भाजपा के सिमरी मंडल अध्यक्ष अनु तिवारी सोनू राय, भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पीयूष प्रियदर्शी, जिला उपाध्यक्ष सौरभ चौबे, अक्षय ओझा, विकाश कायस्थ, डुमरी मंडल अध्यक्ष विनय विनायक, ओम्-प्रकाश पांडेय, राहुल राय, अजित राय, शुभम जयसवाल, पप्पू गुप्ता, बिट्टू राय, संतोष पांडेय, अंकित त्यागी, पप्पू मिश्र, कमलेश राय आदि शामिल थे।

मेगा ब्लॉक के कारण डाउन रुट की ट्रेनों का परिचालन हुआ बाधित

बक्सर। पूर्व मध्य रेलवे दानापुर क्षेत्राधिकार अंतर्गत बक्सर सेक्शन लिमिट में रेलवे ट्रैक मेंटेनेंस कार्य को कराए जाने के कारण डाउन रूट पर ट्रेनों का परिचालन लगभग ढाई घंटे बाधित रहा। जिसके चलते डाउन सिकंदराबाद एक्सप्रेस दिलदारनगर, कोटा पटना एक्सप्रेस दरौली, कुंभ एक्सप्रेस जमानिया के अलावा अन्य ट्रेनें भी अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ी रहीं।मंगलवार के अपराहन 1.45 से 4.15 बजे तक लगे मेगा ब्लॉक के कारण यात्रियों को भारी परेशानी हुई। वही इन ट्रेनों की प्रतीक्षा कर रहे है बक्सर, डुमरांव और अन्य स्टेशनों के यात्री भी हलकान परेशान नजर हुए।गौरतलब हो कि दानापुर

मंडल के रेलवे ट्रैक के मेंटेनेंस का कार्य इस समय चरम पर है। जिसको लेकर 52 केजी रेल की जगह 60 केजी रेल लगाने का कार्य हो रहा है। साथ ही स्लीपर के भी बदलने का कार्य चल रहा है। रेल सूत्रों की माने तो ट्रेनों की गति सीमा बढ़ाए जाने के कारण रेलवे ट्रैक के मेंटेनेंस का कार्य तेजी से इस रेलखंड पर जारी है।

चोरी करते नाबालिग समेत दो चोर धराए

नावानगर। सोनवर्षा ओपी क्षेत्र के स्थानीय गांव स्थित एक गोदाम में धान की बोरी चोरी करते नाबालिग समेत दो चोर को ग्रामीणों ने पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। चोर की साइकिल भी पुलिस ने जब्त किया है। मंगलवार को पुलिस ने नाबालिग को कोर्ट में हाजिर कर पुलिस अभिरक्षा में आरा बाल सुधार गृह भेज दिया। जबकि एक चोर रतन पासी पिता भुअर पासी को जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि बीरबल साह के गोदाम से धान की बोरी चोरी करते ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया था। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर सोनवर्षा ओपीध्यक्ष ने जवानों के साथ चिन्हित स्थान पर पहुंचे। जहां ग्रामीणों ने दोनों चोर को उनके हवाले कर दिया।

नर्तकियों के दो गुट भिंड़े, संचालक समेत दो जख्मी

केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म

मंगलवार को कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के बड़का ढकाईच गांव के पास एनएच 922 के किनारे संचालित होने वाले पायल आकेस्ट्रा के नर्तकियों तथा संचालक के साथ एक दूसरे आर्केस्ट्रा की नर्तकियों व एक युवक द्वारा मिलकर मारपीट गई है। इस घटना में संचालक सन्नी कुमार यादव, नर्तकी पूनम तथा स्थानीय एक युवक छठू यादव जख्मी हो गए है। छठू के जबड़े के पास गहरा जख्म हो गया है।

उसने बताया कि मारपीट के दौरान ही डुमरांव से आई दूसरे आकेस्ट्रा की नर्तकी खुशी और सोनाली के साथ अनुज नामक युवक ने उसे गोली मारी है। गोली उसके जबड़े को छू कर निकल गई है। हलांकि उसका इलाज करने वाले अनुमंडलीय अस्पताल के डाक्टर सुमित सौरभ ने इसे संदेहास्पद बताया और कहा कि प्रथम दृष्टया गोली लगने जैसा प्रतीत नहीं हो रहा है। वही कृष्णाब्रह्म पुलिस ने भी बताया कि गोली नहीं चली है, सिर्फ मारपीट हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पहले खुशी भी पायल

आर्केस्ट्रा में ही काम करती थी। कुछ दिनों पहले उस आर्केस्ट्रा में पूनम तथ एक अन्य लड़की आ गई और खुशी डुमरांव के किसी दूसरे आर्केस्ट्रा में चली गई। हालांकि खुशी तथा पायल आर्केस्ट्रा संचालक सन्नी के बीच विवाद चल रहा था। इसी विवाद में पूनम के साथ भी खुशी का विवाद हो गया। पहले फोन पर कहा सुनी हुई फिर बाद में खुशी अपने सहयोगी सोनाली व अनुज के साथ ढकाईच पहुंच मारपीट की। देर शाम तक इस मामले में किसी भी पक्ष द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराया गया है।

आयुष्मान भारत योजना से जुड़ा बक्सर का दिव्यलोक चिकित्सालय व केयर डायग्नोस्टिक सेंटर

अब निजी अस्पतालों में भी गोल्डेन कार्डधारियों का मुफ्त इलाज

- योजन के तहत गोल्डन कार्डधारी मरीजों का होता है पांच लाख रूपए तक का नि:शुल्क इलाज

केटी न्यूज/बक्सर

आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के तहत गोल्डेन कार्डधारी मरीजों का चयनित अस्पतालों में पांच लाख रूपए तक का मुफ्त इलाज होता है। इस योजना के तहत 1500 से अधिक तरह की बीमारियों का मुफ्त इलाज अस्पतालों द्वारा किया जाता है। अब इस योजना से बक्सर के दो निजी अस्पताल भी जुड़ गए है। ये अस्पताल है दिव्यलोक चिकित्सालय और केयर डायग्नोस्टिक सेंटर। दिव्यलोक चिकित्सालय में जहां विभिन्न तरह के मर्जों का मुफ्त इलाज होगा वही केयर डायग्नोस्टिक सेंटर में मुफ्त डायलिसिस की

सुविधा मिलेगी। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के डीपीएम डॉ. अशोक केशरी ने जिले के सभी स्वास्थ केन्द्र प्रभारियों के साथ बैठक कर इसकी जानकारी दी है। उन्होंने इसकी जानकारी गोल्डेन कार्डधारियों को देने की अपील भी की है। बता दें कि अबतक बक्सर जिले का एक भी निजी अस्पताल केन्द्र सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना से नहीं जुड़ पाया था। लेकिन अब दो अस्पतालों के जुड़ने से मरीजों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। अबतक आयुष्मान भारत के तहत गोल्डेन कार्डधारी मरीज मुफ्त इलाज के लिए पटना, बनारस, दिल्ली आदि महानगरों का चक्कर लगाने को मजबूर होते थे। जहां उन्हें मुफ्त इलाज तो मिल जाता था, लेकिन आने जाने तथा अन्य व्यवस्थाओं में मोटी रकम खर्च करना पड़ता था। जिससे मरीजों तथा उनके परिजनों को परेशानी का सामाना करना पड़ता था। लेकिन अब बक्सर के दो अस्पतालों के इस योजना से जुड़ने से गोल्डेन कार्डधारियों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। उन्हें अब योजना का लाभ लेने के लिए जिले से बाहर जाने की मजबूरी नहीं रह जाएगी।

पांच लाख रूपए तक का होता है मुफ्त इलाज : बता दें कि इस योजना के तहत गोल्डेन कार्डधारी मरीजों के पांच लाख रूपए तक का मुफ्त इलाज किया जाता है। केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना में कुल 1574 तरह की गंभीर बीमारियों को शामिल किया गया है। अधिकांश मरीज इन्हीं बीमारियों के दायरें में आते है। ऐसे में गोल्डेनकार्डधारी मरीजों को बड़ी सहूलियत मिलने वाली है। उन्हें मुफ्त में विशेंषज्ञ चिकित्सकों से इलाज कराने का लाभ मिलेगा। डीपीएम ने बताया कि वर्ष 2011 की सामाजिक आर्थिक जनगणना के अनुसार जिले के 6 लाख 47 हजार लोगों का गोल्डेन कार्ड बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इस योजना से चयनित वैसे लोग जिनका गोल्डेन कार्ड नहीं बना है वे अपना राशन कार्ड, आधार कार्ड तथा केन्द्र सरकार द्वारा दी गई चिट्ठी को लाकर गोल्डेन कार्ड बनवा सकते है। उन्होंने कहा कि ई श्रम कार्ड धारियों को भी प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान योजना से आच्छादित किया जा रहा है। जो भी श्रमिक श्रम विभाग से श्रमिक कार्ड बनवा चुके हैं उन्हें इस योजना से जोड़ा जा रहा है। उन्हें भी पांच लाख रूपए तक के मुफ्त इलाज का लाभ मिलेगा।

खबरें फटाफट

शिवपाल यादव आज गाजीपुर में

गाजीपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव 15 फरवरी बुधवार को डेढ़ बजे लंका मैदान में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शताब्दी अध्यक्ष एसपी पांडेय की बेटी की शादी में सम्मिलित होंगे। इसके बाद वह लंका मैदान में ही पत्रकार वार्ता भी करेंगे। यह जानकारी सपा के मीडिया प्रभारी अरुण कुमार श्रीवास्तव ने दी।

मंत्री के प्रयास से मिला वेतन

बलिया। जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में नवनियुक्त सहायक आचार्यों के जांच के नाम पर लंबे समय से रूके वेतन के भुगतान का आदेश जारी हो गया है। नगर विधायक व प्रदेश सरकार के परिवहन राज्यमंत्री दयाशंकर सिंह के प्रयास से शासन ने सभी सहायक आचार्यों के वेतन के भुगतान का आदेश जारी कर दिया है। इसे लेकर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. कल्पलता पांडेय ने पत्र के माध्यम से मंत्री दयाशंकर सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया है। बता दें कि जननायक चंद्रशेखर विवि में पिछले वर्ष हुई सहायक आचार्यों की नियुक्ति में अनियमितता बरते जाने की शिकायत की गई थी।

चार को दिव्यांगों का सांस्कृतिक कार्यक्रम

बलिया। जनपद के समस्त दिव्यांगजनों को सूचित करते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी राजीव कुमार यादव ने बताया है कि सामाजिक न्याय और आधिकारीता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, दिव्यांगजनों के सर्वांगीण पुनर्वास, सशक्तीकरण तथा उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सतत प्रयासरत है। विभाग दिव्यांगजनों के अन्दर छिपी दिव्य प्रतिभा और कौशल को समाज के समक्ष उजागर करते हुए प्रोत्साहित कर रहा है। दिव्यांगजनों हेतु एक सांस्कृतिक कार्यक्रम रदिव्यांग कला शक्ति कार्यक्रम, वाराणसी-2022 का आयोजन 4 मार्च को कार्यक्रम स्थल- रूद्राक्ष कन्वेंशन सेन्टर, वाराणसी में किया जा रहा है।

बाइक की डिक्की एक लाख रुपए चोरी

मऊ। कोतवाली थाना क्षेत्र के सहादतपुरा स्थित शक्ति हार्डवेयर के पास डिक्की तोड़कर पासबुक सहित एक लाख रुपए उचक्कों ने उड़ा दिया। मिली जानकारी के अनुसार नागेंद्र सिंह निवासी सलाहाबाद थाना सरायलखंसी बलिया मोड़ पर अपना नया मकान बनवा रहे थे उसी मकान के लिए कुछ सामान लेने के लिए पंजाब बैंक से एक लाख रुपए निकालकर डिग्गी में रखकर कोतवाली थाना क्षेत्र के सहादतपुरा स्थित शक्ति हार्डवेयर पर पहुंचे। जब सामान की खरीदारी कर दुकानदार को पैसे देने के लिए वापस अपनी बाइक के पास आए तो देखा कि डिक्की तोड़कर पासबुक तथा एक लाख रुपए सहित चोर उड़ा ले गए।

जन जन तक महाराजा सुहेलदेव के विचारों को पहुंचाना ही हमारा उद्देश्यः बब्बन राजभर

केटी न्यूज/मऊ

- धूमधाम से मनाई गई राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव की 1014 वीं जयंती

राष्ट्रीय धर्म, संस्कृति, अस्मिता एवं समाज के स्वाभिमान के निरंतर संरक्षण का संदेश देती है राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव की जयंती। महानायक इतिहास पुरुष सुहेलदेव के बताए हुए रास्ते पर चलकर ही हम मां भारती को परम वैभव के शिखर पर ले जाकर संपूर्ण विश्व में मां भारती की विजय पताका फहरा सकते हैं। यह कहना है भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद बब्बन राजभर के जो मंगलवार को खालीशपुर ग्राम पंचायत में राष्ट्रवीर महाराजा सुहेलदेव की 1014 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में संवोधित कर रहे थे। पूर्व सांसद ने महाराजा सुहेलदेव की जयंती में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता पर जोर देते हुए कहा कि जन जन तक महाराजा सुहेलदेव के विचारों को पहुंचाना हमारा उद्देश्य है। आजादी के 75 सालों तक इतिहासकारों ने महाराजा सुहेलदेव के गौरवशाली कार्यों को समाज के समक्ष नहीं रखा परंतु वर्तमान सरकार ने महाराजा सुहेलदेव के नाम पर डाक टिकट जारी कर, ट्रेन चलाकर, विद्यालयों की स्थापना कर तथा भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम जन्मभूमि मंदिर एवं काशी कारिडोर के शिलान्यास के समारोह में महाराजा सुहेलदेव का वर्णन कर उनको जो सम्मान दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

उन्होंने समाज के लोगों का आह्वान किया कि वह शिक्षा एवं संस्कृति से जुड़कर अपने भावी पीढ़ी के सुखद भविष्य बनाने का कार्य करें यही महाराजा सुहेलदेव को सबसे बड़ा समर्पण होगा। उन्होंने कहा कि उनके गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेते हुए हम एक ऐसे समाज का निर्माण करें जो समाज अपनी धर्म संस्कृति एवं अस्मिता से जुड़ा रहे । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व विधायक विजय राजभर ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि महाराजा सुहेलदेव ने तलवार के बल पर आक्रांताओं को खदेड़ा, धर्म संस्कृति की रक्षा की परंतु आज समय तलवार का नहीं है हमें अपने वोट के माध्यम से ऐसी सरकार बनानी है ऐसे लोगों को जनप्रतिनिधित्व देना है जो महाराजा सुहेलदेव के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करते हों। उन्होंने समाज को रूढियों से दूर रोजगार परक शिक्षा से जुड़ने का आह्वान किया।

मौके पर सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र राजभर ने सुहेलदेव को इतिहास पुरुष बताते हुए कहा कि हमें महाराजा सुहेलदेव जी से प्रेरणा लेते हुए समाज को प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर करते रहना है तथा समाज की राजनीति में सक्रिय भागीदारी हो इस निमित्त सतत प्रयत्नशील रहना है । इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्णा राजभर, सुरेश राजभर, प्रधान राजाराम राजभर, रानीपुर के पूर्व ब्लाक प्रमुख मिट्ठू राजभर, गहना ग्राम प्रधान जितेंद्र राजभर, राजाराम राजभर, प्रधान सुभाष राजभर, संजय राजभर, एसएसपी के राष्ट्रीय महासचिव मनोज राजभर, रामजीत राजभर समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान मुबारकपुर राम प्रवेश राजभर एवं संचालन रमेश रतनपुरी ने किया । कार्यक्रम के संयोजक विश्राम राजभर ने सबके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की भी सहभागिता रही।

गाजीपुर के कोतवाली क्षेत्र के लार्ड कार्नवालिस के पास एक सप्ताह पूर्व हुई महिला की हत्या

काजल हत्याकांड का खुलासा... पति ने ही दोस्तों संग मिलकर की थी हत्या

केटी न्यूज/गाजीपुर

कोतवाली क्षेत्र के लार्ड कार्नवालिस के पास करीब एक सप्ताह पूर्व हुई स्कूटी सवार महिला काजल पांडेय की हत्या के मामले में कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम ने मंगलवार को दो आरोपियो को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पुलिस ने उसके पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस कार्यालय में इसका खुलासा करते हुए एसपी ओमवीर सिंह ने पत्रकारों को बताया। एसपी ने बताया कि 5 फरवरी को लार्डकार्नवालिस पार्क के पास काजल पांडेय की हत्या करके उसकी लाश और स्कूटी को सड़क पर फेंक कर एक्सीडेंट का रूप दिया गया था।

इसका खुलासा करने के लिए तीन टीम गठित कर दिया गया था। पुलिस हर बिंदूओ पर जांच कर रही थी। सर्विलांस के माध्यम से कोतवाली प्रभारी टीवी सिंह, स्वाट टीम प्रभारी रामाश्रय राय व सर्विलांस प्रभारी सुनील तिवारी ने सुबह महराजगंज रेलवे क्रासिंग तिराहा के पास से बाइक सवार दो आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गये आरोपियों के पास से पुलिस ने एक तमंचा व एक कारतूस भी बरामद किया है। पुलिस के पूछताछ में युवकों ने अपना नाम करंडा थाना के सलारपुर गांव निवासी प्रिंस सिंह उर्फ लड्डू तथा सलारपुर व वर्तमान निवास तुलसीपुर निवासी राकेश केसरी बताया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कड़ाई से पूछताछ करने पर ने पकड़े गये हत्यारोपियों ने बताया कि गांव के ही रहने वाले आशुतोष दूबे जिसकी प्रेमिका थी। उसे 05 फरवरी की शाम को सम्राट ढाबा के आगे बुलाया गया था। वह वहां अपनी स्कूटी से आयी तो उसे अपनी काले रंग की स्कार्पियों पर बैठा लिया और तीनों लोगों ने मिल कर उसका गला दबाकर हत्या कर दिये थे। इसके बाद दुर्घटना का रुप देने के लिए स्कूटी के साथ उसे सड़क पर फेक दिया गया था।

- काजल पांडेय की हत्या करके उसकी लाश और स्कूटी को सड़क पर फेंक कर एक्सीडेंट का रूप देने का किया गया था प्रयास
- पकड़े गये आरोपियों के पास से एक तमंचा व एक कारतूस बरामद

आशुतोष दुबे ने युवती से तीन चार साल पहले की थी शादी

एसपी ने बताया कि आशुतोष दुबे ने उस युवती के साथ तीन चार साल पहले शादी कर लिया था। इसके बाद परिवार के दबाव में उसने दुसरी शादी कर ली। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पहली पत्नी को हटाने के लिए उसके ऊपर दबाव पड़ने लगा। इसके बाद उसने उसे रास्ते से हटाने के लिए दोस्तों से संपर्क किया। फिर दोस्तों के साथ मिलकर युवती को रात में सम्राट ढाबा के पास बुलाया था। तीनों ने मिलकर युवती की गला दबाकर हत्या कर दिया। इसके बाद दुर्घटना का रुप देने के लिए शव को स्कूटी के साथ सड़क पर फेंक दिया था।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतिका का 30 लाख का बीमा था जिस कारण हत्या को दुर्घटना दिखाने का प्रयास किया गया, ताकि बीमा की धन राशि भी मिल सके। पुलिस को भरमाने के लिए इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस आशुतोष दुबे की तलाश कर रही है। गिरफ्तारी करने वाले टीम में उ.नि धीरेन्द्र सिंह, हे.कां आशुतोष सिंह, हे.कां विनय यादव,हेकां प्रेम शंकर सिंह, कां.जयन्त सिंह तथा कां.चन्दनमणि त्रिपाठी शामिल रहे।

बलिया एसपी ने महाहरधाम की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षणः महाशिवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने मरदह थाना अंतर्गत महाहर धाम शिव मंदिर का निरीक्षण किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इलाकाई पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

एक नजर

बिजली उपभोक्ताओं के लिए केवाईसी की अंतिम तिथि आज

मऊ। शासन के निर्देश एक जून से 15 फरवरी तक विशेष विद्युत पखवाड़ा केवाईसी अभियान विक्रम में मात्र 1 दिन और शेष बचे हैं। इसकी जानकारी देते हुए जियो नीरज कुमार ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं ने अब तक अपना मोबाइल नंबर की केवाईसी नहीं करायी है, वे बुधवार तक अवश्य करा लें। जबकि मंगलवार को स्थानीय विद्युत उपकेंद्र अंतर्गत सभी उप केंद्रों पर 1113 उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबरों की केवाईसी की गई। इसके पश्चात विभिन्न क्षेत्रों के अवर अभियंता द्वारा अंसार नगर, खैराबाद, खुरहट बाजार तथा खुशामदपुर के 26 बड़े उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन काटते हुए 5 उपभोक्ताओं के लोड बढ़ाए गए। तीन उपभोक्ता का परिवर्तन 3 नए मीटर एवं 5 उपभोक्ता जिसमें बिल तथा मीटर से संबंधित थे उनकी समस्या को सुनते हुए मामले का निस्तारण किया गया है। जबकि राजस्व के रूप में 178300 की प्राप्ति हुई। चेकिंग अभियान के दौरान अवर अभियंता लालजी यादव, विवेक खरवार, राजेंद्र यादव, अरविंद कुमार कुशवाहा, राजेश सोनकर, चंद्र भूषण यादव, जितेंद्र यादव, उमेश यादव, आरपी सिंह, अरविंद कुमार, संजय कश्यप समेत विद्युत विभाग के लाइनमैन मौजूद रहे।

2600 बच्चों ने खायी फाइलेरिया निरोधी दवा

बलिया। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित सर्वजन दवा वितरण (एमडीए) अभियान के अंतर्गत सोमवार और मंगलवार को जनपद के प्रतिष्ठित होली क्रॉस स्कूल के समस्त छात्र छात्राओं को एल्बेंडाजोल एवं डीईसी की दवा खिलाई गई। जिला महिला अस्पताल स्थित प्रश्नोत्तर केंद्र पर तैनात वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सिद्धार्थ मणि दुबे के नेतृत्व में मलेरिया एवं फाइलेरिया नियंत्रण टीमों द्वारा होली क्रॉस स्कूल के 2600 से अधिक बच्चों को फाइलेरिया निरोधी दवा खिलाई गई। डा. दूबे ने बताया कि 2 दिनों में होली क्रॉस स्कूल के समस्त विद्यार्थियों को दवा खिला दी गई है। स्कूल परिसर में अभियान की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सिस्टर मैरी जॉन ने खुद फाइलेरिया निरोधी दवाई खाकर की, जिसके उपरांत समस्त शिक्षकों और कर्मचारियों ने भी फाइलेरिया निरोधी दवाएं खाई। डॉ. दूबे ने बताया कि फाइलेरिया रोग के दुष्परिणाम 5 से 15 साल बाद दिखते हैं। शुरू में इसके कोई लक्षण नहीं दिखाई देते हैं। जब एक मच्छर किसी फाइलेरिया ग्रस्त व्यक्ति को काटता है तो वह संक्रमित हो जाता है और फिर किसी अन्य स्वस्थ व्यक्ति को काटकर फाइलेरिया के परजीवी रक्त के जरिए शरीर में प्रवेश कर लेते हैं और उसे फाइलेरिया से ग्रसीत कर देते हैं।

हत्या मामले में आरोपित गिरफ्तार

बलिया। थाना क्षेत्र के रतसर स्थित पेट्रोल पंप के सामने रविवार को जमीनी रंजिश में मारपीट हुई। जिसमें ग्राम पंचायत पड़वार के पुरवा चक चमइनिया (कुकुर भुक्का) निवासी अजीत यादव की मौत इलाज के दौरान हो गई थी। मौत के बाद पुलिस ने मृतक के भाई अजय यादव के तहरीर पर 9 लोगों के खिलाफ संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी। मंगलवार को थाना प्रभारी आरके सिंह उपनिरीक्षक गिरिजेश सिंह व हमराहियों के साथ रतसर दक्षिणी तिराहे के पास देखभाल क्षेत्र में मामूर थे। तभी मुखबिर सूचना मिली कि उक्त मारपीट व हत्या के मामले में नामजद आरोपी रतसर तिराहे के पास खड़े हैं। सूचना पर थाना प्रभारी मय फोर्स सहित मौके पर पहुंच कर और अभियुक्त अशोक सिंह उर्फ अभय सिंह, आशीष कुमार उर्फ सोनू, आयुष पांडेय, शशिजीत सिंह, शुभम सिंह निवासी गण रतसर को रतसर दक्षिणी चट्टी गिरफ्तार कर सम्बंधित धाराओं में न्यायालय चालान कर दिया।

बगैर लाइसेंसधारक चल रही दो दवा दुकानों को कराया गया बंद

केटी न्यूज/बलिया

डीएनटी कटरा विशुनीपुर में संचालित दवा की दुकानों का मंगलवार को औषधि निरीक्षक श्रीधेश्वर शुक्ल ने कागजातों, दवाओं की खरीद बिक्री की रसीद, दुकानों पर लाइसेंस के प्रदर्शन आदि की जांच व निरीक्षण किया। इस दौरान बगैर लाइसेंस धारक के चल रही दो दुकानों को तत्काल बन्द करवा दिया गया।

औषधि निरीक्षक श्री शुक्ल डीएनटी कटरा विशुनीपुर में दवा के दुकानों के निरीक्षण में दो थोक दवा की दुकानें ऐसी मिलीं जिसके दुकान का लाइसेंस किसी और के नाम पर है और संचालित कोई और कर रहा था। इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए दोनों दुकानों को तत्काल बंद करा दिया। इसके बाद राहुल फार्म, सोनू मेडिकल एजेंसी, जीवा फार्म एवं मुस्कान मेडिकल एजेन्सी से विभिन्न दवाओं के 12 नमूनें लिये गये।

घटिया निर्माण कार्य देख भड़के पूर्व नपा अध्यक्ष

केटी न्यूज/गाजीपुर

नगर पालिका परिषद गाजीपुर के पूर्व नपा अध्यक्ष विनोद अग्रवाल शहर में कई स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेने के क्रम में वार्ड नं0 7 के राय कालोनी में शकुन्तला राय के मकान से परदेशी राम के मकान तक नाली उच्चीकरण कर पटिया तथा सीसी सड़क निर्माण कार्य को देखने पहुँचे एवं वहाँ पर हो रहे कार्यों की गुणवत्ता देखकर भड़क गए। वहीं से अधिशासी अधिकारी एवं अवर अभियंता को दूरभाष पर वार्ता कर जानकारी दी एवं तुरन्त काम रोकने व ईंट की गिट्टी हटवाकर मानक के अनुसार सुकरूत की गिट्टी डालने के लिए कहा।

अग्रवाल ने कहा कि जिन लोगों द्वारा नगर पालिका सीमा में विकास कार्यों की गुणवत्ता का ध्यान न रखते हुए मानक के विपरीत काम करने का प्रयास किया जा रहा है, वह इस मुगालते में न रहे कि खराब काम करने वालों का भुगतान हो जाएगा। अग्रवाल ने बताया कि नगर पालिका परिषद की कमेटी में सम्मिलित अपर जिलाधिकारी को भी दूरभाष पर वार्ता कर जानकारी दे दी गई है। जायजा लेने पहुंचे श्री अग्रवाल के साथ क्षेत्रीय निवर्तमान सभासद प्रतिनिधि अजय राय द्वारा, निवर्तमान सभासद संजय कटियार मौजूद थे। इसके बाद उच्च प्रा0 विद्यालय विशेश्वरगंज में हो रहे टाइलीकरण आदि का जायजा लिया। मैदान में सुकरूत की गिट्टी के स्थान पर सामान्य ईंटों की गिट्टी को बिछाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की।

डाकघर में नए खाते खोलने की व्यवस्था, डाक कर्मचारी किसानों को जागरूक करते हुए गांव-गांव लगा रहे शिविर

पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त पाने के लिए खुलवाएं आधार लिंक्ड खाता

केटी न्यूज/गाजीपुर

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 13वीं किश्त का किसानों को बेसब्री से इंतजार है। इनमें तमाम किसान ऐसे हैं, जिनका बैंक खाता आधार और मोबाइल नंबर से लिंक नहीं है। ऐसे किसानों की सरकार ने राशि रोक रखी है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि अब इन किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने डाकघर के माध्यम से इनके आधार और मोबाईल लिंक्ड नए खाते खोलने की पहल की है। वाराणसी परिक्षेत्र में इसके तहत हाल ही में 6000 से ज्यादा किसानों का खाता खोला जा चुका है।

वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाकघरों में खुलने वाले बचत खातों और इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के माध्यम से खुलने वाले खातों के माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लिया जा सकता है। आईपीपीबी खाते अपने इलाके के डाकिया के माध्यम से भी खोले जा सकते हैं। मात्र आधार कार्ड नंबर और मोबाइल नंबर के माध्यम से आवेदक का आईपीपीबी खाता चंद मिनटों में ही खोला जाता है। इसके लिए डाक विभाग के कर्मचारी भी किसानों को जागरूक करते हुए गांव-गांव शिविर लगाकर नए खाते खोल रहे हैं। जिससे किसानों को आगामी किस्त से वंचित नहीं रहना पड़ेगा। यही नहीं, खातों में किश्त प्राप्त होने के बाद किसान घर बैठे ही डाकिया के माध्यम से अपने खाते से राशि निकाल सकते हैं।

गौरतलब है प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत किसानों को हर साल 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद की जाती है। किसानों को ये राशि हर 4 महीने के अंतराल पर तीन किस्तों में दो-दो हजार रुपये करके उनके खातों में डीबीटी माध्यम से ट्रांसफर की जाती है।

- जिन किसानों की अटकी पड़ी है पीएम किसान सम्मान निधि की किश्त उनका डाकघर में खुलवाना जरूरी
- वाराणसी परिक्षेत्र में 6000 से ज्यादा किसानों ने पीएम किसान सम्मान निधि के लिए डाकघरों में खुलवाया खाता

आधार कार्ड और मोबाइल नंबर से खाता खोलने की पहल

किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पहुंचाने के लिए सरकार ने डाकघर के माध्यम से इनके आधार और मोबाइल लिंक्ड नए खाते खोलने की पहल की है। आधार कार्ड और मोबाइल नंबर के माध्यम से आवेदक का आईपीपीबी खाता चंद मिनटों में ही खोला जाता है। इसके लिए डाक विभाग के कर्मचारी भी किसानों को जागरूक करते हुए गांव-गांव शिविर लगाकर नए खाते खोल रहे हैं। वाराणसी परिक्षेत्र में इसके तहत हाल ही में 6000 से ज्यादा किसानों का खाता खोला जा चुका है।

- श्री कृष्ण कुमार यादव, पोस्टमास्टर जनरल, वाराणसी परिक्षेत्र